प्रादेशिक समाचार
दिनांक–27.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. रांची में भाजपा नेता की दिनदहाड़े हत्या के विरोध में कई राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने आज रांची बंद का किया आह्वान, विधि व्यवस्था के सवाल पर भाजपा और आजसू पार्टी के कार्यकर्ता सड़क पर उतरे।
2. विधानसभा के बजट सत्र का आज आखिरी दिन, गैर–सरकारी संकल्पों पर होगी चर्चा होगी, बजट पर सरकार का आयेगा जवाब।
3. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात, झारखंड में चल रही विभिन्न परियोजनाओं पर हुई चर्चा।
4. झारखंड हाईकोर्ट का जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा परिणाम जारी करने पर लगी रोक हटाने से इनकार, सीआईडी ने सरगना समेत तीन और आरोपियों को किया गिरफ्तार।
5. खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 का समापन आज, झारखंड एक स्वर्ण समेत चार पदकों के साथ तालिका में 18वें स्थान पर।

********************

राजधानी रांची में भाजपा नेता अनिल टाइगर की दिनदहाड़े हत्या के विरोध में भाजपा, आजसू पार्टी समेत कई राजनीतिक संगठनों ने आज रांची बंद का आह्वान किया है। कई सामाजिक संगठनों ने भी बंद को अपना समर्थन दिया है। इस हत्याकांड के खिलाफ भाजपा, आजसू पार्टी और जेएलकेएम के नेता राज्य सरकार के खिलाफ हमलावर हो गयी है। विधि व्यवस्था के सवाल पर सरकार से इस्तीफे की मांग की जा रही है। विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता सड़क पर उतर आये हैं और जगह–जगह प्रदर्शन कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गयी है।

आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने भी सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार की निष्क्रियता से राज्य में अपराधी बेलगाम हो गये हैं।

********************

भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या कर भाग रहे अपराधियों की पुलिस के साथ रांची के सुकुरहुटू आईटीबीपी कैंप के पास मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में एक अपराधी पुलिस की गोली से घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। इस बीच राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने कहा है कि पुलिस जल्द ही बाकी बचे अपराधियों को भी गिरफ्तार कर लेगी।

********************

विधानसभा के बजट सत्र का आज आखिरी दिन है। सदन में आज गैर सरकारी संकल्पों पर चर्चा होगी। भोजनावकाश के बाद राज्य के बजट पर सरकार की ओर से जवाब भी दिया जायेगा। इससे पहले कल झारखंड कारा एवं सुधारात्मक सेवायें विधेयक–2025 को सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया।

********************

रांची के सांसद और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस मुलाकात के क्रम में रांची लोकसभा क्षेत्र सहित झारखंड में चल रही विभिन्न परियोजना पर चर्चा हुई। श्री सेठ ने रातू रोड में निर्माणाधीन एलिवेटेड कॉरिडोर की प्रगति से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया। साथ ही इस कॉरिडोर के लोकार्पण का आमंत्रण दिया, जिसे राजमार्ग मंत्री ने सहर्ष स्वीकार किया। श्री गडकरी अगले महीने इस कॉरिडोर को जनता को समर्पित करेंगे।

********************

झारखंड हाईकोर्ट ने जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा के रिजल्ट प्रकाशन पर लगी रोक हटाने से इनकार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचन्द्र राव और न्यायमूर्ति दीपक रौशन की खंडपीठ ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए सरकार को सात मई तक जांच रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है।

********************

इस बीच सीआईडी की एसआईटी ने जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले में सरगना अमरेश दीक्षित को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से गिरफ्तार किया है। दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। सीआईडी कल इन आरोपियों को लेकर रांची पहुंचेगी।

********************

धनबाद जिले में साइबर अपराध के प्रति लोगों को जागरुक करने के उदेश्य से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

********************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- देवघर एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रात्रि सेवा की शुरुआत अगले महीने से होने वाली है। भाजपा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने बताया कि 16 अप्रैल से देवघर–दिल्ली रात्रि सेवा शुरु हो जायेगी।
- जमशेदपुर महानगर भाजपा की ओर से आज बिस्टुपुर में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन बिहार दिवस के उपलक्ष्य हो रहा है। इसका उदेश्य एक भारत–श्रेष्ठ भारत के संकल्प को पूरा करना है।

********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में मौसम साफ होते ही तापमान बढ़ने लगा है। तीन दिनों में रांची का अधिकतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया है। मौसम विभाग ने अगले एक सप्ताह मौसम के शुष्क रहने और तापमान में बढ़ोतरी का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

********************

खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 का समापन आज शाम भव्य समारोह के साथ होगा। खेलो इंडिया पैरा गेम्स में झारखंड के खिलाड़ियों ने कुल चार पदक हासिल किये हैं। इनमें एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। पदक तालिका में झारखंड को 18वां स्थान प्राप्त हुआ है। पदक हासिल करने वाले खिलाड़ियों को राज्य के खेल संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

********************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– कांके चौक पर भाजपा नेता अनिल टाइगर की गोली मारकर हत्या, विरोध में आज रांची बंद।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– राज्य के नौ डीएसपी अभी नहीं बन पायेंगे एसपी, हाईकोर्ट ने प्रोन्नति प्रक्रिया पर लगा दी रोक।

हिन्दुस्तान ने राज्य की निचली अदालतों में मार्निंग कोर्ट की व्यवस्था समाप्त होने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– बोकारो में रिश्वतखोर को पकड़ने गयी सीबीआई की टीम पर हमला, तीन घायल।

****************